# अज्ञात वाहन ने बाइक को मारी टक्कर, दो की मौत, एक गंभीर घायल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सिलहरी।** थाना सिविल लाइन क्षेत्र के बदायूं दातागंज मार्ग पर रविवार शाम के समय थाना मूसाझाग क्षेत्र के गाँव बारी खेड़ा उर्फ सिताब नगर निवासी प्रताप सिंह के निर्माणाधीन प्लाट स्थित एच पी कॉलेज के पीछे निर्माण चल रहा था।

प्रताप का 22 बर्षीय बेटा भूपेंद्र अपनी बाइक से प्लॉट पर काम कर रहे मजदूर राजेश उम्र 17 व नन्हूँ उम्र 15 साल को देर शाम कम से छुट्टी के बाद अपने गाँव घर लौट रहे थे कि उनकी वाइक जैसे आमगाँव के पास पहुँची ही थी कि सामने से आ रहे अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे राजेश और नन्हूँ दोनों सगे भाईयो की मौके पर ही मौत हो गई जबकि बाइक सवार मकान मालिक भूपेंद्र गंभीर रूप से घायल हो गया सूचना पर पहुंची पुलिस ने ऐम्बुलेंस की मदद से जिला अस्पताल पहुंचाया जहाँ डॉक्टरों ने राजेश और नहूँ को मृत घोषित कर दिया वहीं दोनों के शवो पुलिस ने कब्जे में लेकर पीएम कार्रवाई के लिए मोर्चरी में रखवा दिये है और भूपेंद्र की हालत गंभीर बनी हुई हैंजिसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया है जहां उसका इलाज चल रहा है।

घटना की सूचना गांव में मिलते ही मृतकों के परिजनों में को. हराम मच गया। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक हरेंद्र सिंह ने बताया की अज्ञात वाहन की टक्कर से दो बाइक सवारों की मौत हो गई है दोनों मृतकों के शवो को कब्जे में लेकर पीएम की कार्यवाही के लिए मोर्चरी में रखवाया गया है अज्ञात वाहन की तलाश की जा रही है।

# आज आसफपुर में ऋण वसूली शिविर का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**आसफपुर।** स्थानीय सर्व यूपी किसान ग्रामीण बैंक शाखा के प्रबंधक के नेतृत्व में आज मंगलवार को ऋण वसूली शिविर का आयोजन किया जा रहा है जिसमें ऋण बकायेदार किसान व व्यापारी अपना ऋण जमा कर सकते हैं। इस ऋण वसूली शिविर का आयोजन अब प्रत्येक मंगलवार को किया जाएगा। इस मामले की सार्वजनिक जानकारी का ऐलान स्थानीय सर्व यूपी किसान ग्रामीण बैंक शाखा प्रबंधक ने समय रहते करवा दिया है।

# कान्हा गौशाला रुदायन में गौवंश भूख-प्यास से मर रहे, जिम्मेदार कौन?

**अंकित कुमार गुप्ता, शाह टाइम्स**

**रुदायन।** नगर पंचायत रुदायन द्वारा संचालित कान्हा गौशाला में गौवंश संरक्षण के नाम पर गंभीर लापरवाही सामने आ रही है। गौशाला में बंद कई गौवंश भूख और प्यास के कारण दम तोड़ रहे हैं, जबकि कई गौवंश कुपोषण की हालत में जीवन और मौत से जूझ रहे हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार गौशाला में न तो पर्याप्त चारा उपलब्ध है और न ही पीने के पानी की समुचित व्यवस्था। कई दिनों से गौवंश भूखे-प्यासे तड़प रहे हैं, जिससे उनकी मौतें हो रही हैं। हैरानी की बात यह है कि गौशाला के संच. ालन के लिए शासन से लाखों रुपये का बजट जारी किया जाता है, इसके बावजूद ऐसी अमानवीय स्थिति नगर पंचायत प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करती है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि इस संबंध में शिकायतें किए जाने के बाद भी न तो किसी जिम्मेदार अधिकारी ने निरीक्षण किया और न ही कोई सुधारात्मक कार्रवाई की गई। गौवंशों की मौत केवल लापरवाही नहीं बल्कि पशु क्रूरता अधिनियम और शासनादेशों का खुला उल्लंघन है। लोगों ने मांग की है कि पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच कर दोषियों पर तत्काल कठोर कार्रवाई की जाए, अन्यथा जनआक्रोश बढ़ना तय है।

**स्थानीय लोगों का आरोप है कि इस संबंध में शिकायतें किए जाने के बाद भी न तो किसी जिम्मेदार अधिकारी ने निरीक्षण किया और न ही कोई सुधारात्मक कार्रवाई की गई। गौवंशों की मौत केवल लापरवाही नहीं बल्कि पशु क्रूरता अधिनियम और शासनादेशों का खुला उल्लंघन है।**

# साहित्य समारोह में प्रवीन अग्रवाल की पुस्तक नादान की नादानियां का विमोचन




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** नगर के मधुबन फार्म हाउस के हाल में स्थानीय साहित्यकार प्रवीन कुमार ष्नादानष्की पुस्तक नादान की नादानियां का विमोचन एवं अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां शारदे के समवेत दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया। सोमवार को व्यंग्यकार प्रवीन अग्रवाल ष्नादानष् की पुस्तक नादान की नादानियांष् का विमोचन गाजियाबाद इस्कॉन से दामोदर दास लीला प्रभु, विशिष्ट अतिथि आज तक के एक्जीक्यूटिव प्रोडयूसर, लेखक एवं सुप्रसिद्ध गीतकार पंकज कुमार, अंतरराष्ट्रीय कवयित्री डॉ. सोनरूपा विशाल, वरिष्ठ साहित्यकार एवं संपादक डॉ. सतीश चंद्र शर्मा सुधांशु, एवं मिमिक्री आर्टिस्ट अमित गुप्ता और विशिष्ट अतिथियों ने किया। आज तक के एक्जीक्यूटिव प्रोडयूसर, लेखक एवं सुप्रसिद्ध गीतकार पंकज कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि हमें हिंदी की अस्मिता, दिशा और दशा पर गंभीरता से चिंतन करना होगा। उन्होंने सभी से हिंदी में बोलचाल को प्राथमिकता देने का आग्रह किया। नादान की यह पुस्तक अमेजॉन एवं फ्लिपकार्ट एवं गूगल पर भी उपलब्ध है। इस अवसर पर प्रवीन अग्रवाल नादान, श्याम अग्रवाल अंजलि अग्रवाल, पारुल अग्रवाल, रविंद्र अग्रवाल, विपिन अग्रवाल, राकेश गोयल, पूनम अग्रवाल, रुद्राक्ष अग्रवाल, नायसा अग्रवाल, नंदिनी, राधा अग्रवाल, रवि प्रकाश अग्रवाल, सुभाष चंद्र अग्रवाल, अरविंद अग्रवाल, प्रशांत गर्ग, पुष्पेन्द्र नाथ गर्ग, संजय अग्रवाल, रितेश अग्रवाल, राजू साहनी, रितु साहनी, मनोज यादव आदि मौजूद रहे।

# वाहन चालक बार बार नियम तोड़ेगा, तो उसका वाहन जब्त होगा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** नगर की सड़कों पर मनमानी करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ यातायात पुलिस ने अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई की है। इस दौरान एक दर्जन से अधिक वाहन चालकों के चालान किए गए। सड़क हादसों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शक्ति दिखाई तो यातायात पुलिस ने सोमवार को सघन चेकिंग अभियान चलाकर नियम तोड़ने वालों के चालान किए। एसआई ट्रैफिक सुरेश त्यागी ने बताया कि योगी सरकार का फरमान है कि अगर कोई चालक बार-बार नियम तोड़े तो उसका वाहन जब्त करें, साथ ही लाइसेंस निरस्त कर दें। त्यागी ने बताया कि अब लापरवाही करने वाले वाहन चालकों को किसी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।

# विवाह व सामूहिक भोज आयोजनों को शासनादेश के अनुपालन के निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** जिलाधिकारी अवनीश राय ने अवगत कराया कि शासन द्वारा जारी आदेशों के क्रम में जनपद में आयोजित होने वाले विवाह, तेरहवीं, सामाजिक व सामूहिक भोज आयोजनों में निर्धारित नियमों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराया जाएगा।

इस संबंध में समस्त उप जिलाधिकारियों, नगर मजिस्ट्रेटों एवं पुलिस अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। जिलाधिकारी ने बताया कि किसी भी आयोजन में निर्धारित संख्या से अधिक व्यक्तियों की उपस्थिति, सार्वजनिक मार्गों अथवा सरकारी परिसरों में अवरोध, तेज ध्वनि विस्तारक यंत्रों का अनधिकृत प्रयोग, यातायात बाधित करने जैसी गतिविधियां स्वीकार्य नहीं होंगी। आयोजकों को यह सुनिश्चित करना होगा कि कार्यक्रम स्थल पर शांति व्यवस्था बनी रहे तथा आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने निर्देश दिए कि भोजन आयोजनों में अव्यवस्था, अपशिष्ट फैलाव अथवा प्लास्टिक/ प्रतिबंधित सामग्री के प्रयोग पर संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

किसी भी आयोजन के लिए आवश्यक अनुमति निर्धारित प्रक्रिया के अंतर्गत पूर्व में प्राप्त करना अनिवार्य होगा। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित आयोजक के विरुद्ध नियमानुसार दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी। शहरी क्षेत्रों में नगर मजिस्ट्रेट तथा ग्रामीण क्षेत्रों में उप जिलाधिकारी एवं संबंधित थाना प्रभारी अनुपालन सुनिश्चित कराने के लिए उत्तरदायी होंगे।

# पीलीभीत में गैस गीजर से दम घुटने से पति-पत्नी की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** रविवार रात विकास भवन डीआरडी में तैनात सरकारी कर्मचारी हरजिंदर (42 साल) पत्नी रेनू सक्सेना (40 साल) की गैस गीजर से दम घुटने के कारण मौत हो गई। दोनों किराए के मकान में रहते थे। देर रात जब कोई हलचल नहीं हुई तो पड़ोसियों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने बाथरूम का दरवाजा तोड़कर दोनों शवों को बाहर निकाला। मामला शहर कोतवाली क्षेत्र की गुरुकुल पुरम कॉलोनी का है। घटनास्थल पर पहुंचे एडिशनल एसपी ने बताया कि प्रथम दृष्टया दोनों की मौत गैस रिसाव के कारण प्रतीत हो रही है। मामले की गंभीरता को देखते हुए सभी साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं। वहीं, फोरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंचकर बारीकी से जांच कर रही है। जाँच के उपरांत विधिक कार्यवाही की जाएगी। इधर पति-पत्नी की एक साथ हुई मौत से पूरे मोहल्ले में दहशत फ़ैल गई है। फिलहाल क्षेत्र की पुलिस मामले की हर पहलू की जाँच कर रही है।

# पालिका अध्यक्ष व विधायक ने सीएम के समक्ष रखी विकास कार्यों की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पूरनपुर।** रविवार को नगर पालिका परिषद पूरनपुर के अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता ने पूरनपुर के विधायक बाबूराम पासवान के साथ लखनऊ स्थित कार्यालय में प्रदेश के मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता ने पूरनपुर नगर की विभिन्न जनसमस्याओं एवं नागरिक हितों से संबंधित विषयों पर माननीय मुख्यमंत्री से विस्तारपूर्वक चर्चा की तथा संबंधित मांगों का एक पत्रक सौंपा। पत्रक में नगर की प्रकाश व्यवस्था, नई नाली निर्माण, सड़कों के विकास और नए निर्माण एवं नगर सौंदर्यीकरण जैसे महत्वपूर्ण विषय सम्मिलित थे। मुख्यमंत्री ने प्रस्तुत विषयों पर गंभीरतापूर्वक विचार करते हुए पूरनपुर नगर के समुचित एवं सर्वांगीण विकास हेतु पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

# डग्गामार वाहनों के विरुद्ध चलाया चेकिंग अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव पके निर्देशन में यातायात पुलिस द्वारा डग्गामार वाहनों के विरुद्ध, अवैध रूप से संचा. लित व अनुमति से अधिक सवारी बैठाकर चलने वाले तथा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध चेकिंग कर विधिक कार्यवाही की जा रही है। उक्त क्रम में सोमवार को क्षेत्राधिकारी यातायात विधि भूषण मौर्य, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी वीरेन्द्र सिहं द्वारा यातायात पुलिस के साथ विभिन्न चैराहो पर गन्ना के ट्रक/ट्रैक्टर-ट्रालियों के चालकों को मानक के अनुसार गन्ना परिवहन करने, वाहन के सभी निर्धारित दस्तावेज सम्पूर्ण रखने, ओवरहाइट न चलने, बेल्ट बांधकर गन्ना लेकर चलने के निर्देश दिए गए तथा गन्ना परिवहन करने वाले वाहनों के पीछे रिफ्लेक्टरयुक्त लाल कपडे लगवाये गये। इसके अतिरिक्त यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के 59 चालान करते हुए 63 हजार रुपये शमन शुल्क अधिरोपित किया गया व 20 डग्गामार वाहनों पर कार्यवाही की गयी।

# जागृति प्रेरणा महिला संकुल स्तरीय समिति का डीएम ने किया उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह ने विकासखण्ड ललौरीखेड़ा के कम्पोजिट विद्यालय में पहुंचकर उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन योजनान्तर्गत प्रेरणा महिला संकुल स्तरीय समिति, कार्यालय भवन एवं विकास खण्ड मरौरी के क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम मैदान में जागृति प्रेरणा महिला संकुल स्तरीय समिति का फीता काटकर उद्घाटन किया।

जिलाधिकारी ने उपस्थित महिलाओं को सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी और ग्रामीणों की समस्याओं को सुना। उन्होंने कहा कि कुक्कुट पालन, बकरी पालन, मत्स्य पालन, डेयरी आदि को योजनाओं का लाभ उठाएं और अपनी आय में वृद्धि करे। उन्होंने कहा कि महिलाऐं घर पर ही जलकुम्भी उत्पाद बनायें, सिलाई, ब्यूटी पार्लर, फास्ट फूड आदि कार्य कर आय में वृद्वि करें। ग्रामीणों की समस्याओं के निराकरण हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कार्यक्रम मुख्य विकास अधिकारी राजेन्द्र कुमार श्रीवास, खण्ड विकास अधिकारी सहित अन्य अधिकारी, ग्राम प्रधान उपस्थित रहे।

# नवागत पुलिस चौकी प्रभारी ने क्षेत्रीय व्यापारियों की बैठक बुलाई



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**आसफपुर।** स्थानीय नवागत पुलिस चौकी प्रभारी रामकुमार व पुलिस उपनिरीक्षक प्रमोद कुमार नेहवाल ने क्षेत्रीय व्यापारियों व दुकानदारों की सामूहिक बैठक बुलाई।

इस अवसर पर चौकी प्रभारी रामकुमार ने सभी उपस्थित व्यापारियों व दुकानदारों को सुरक्षा व्यवस्था से जुड़ी आवश्यक जानक. ारी व सुझाव दिए इस दौरान चौकी प्रभारी ने सभी सक्षम व्यापारियों व दुकानदारों को अपने अपने प्रतिष्ठानों पर सी सी टी वी कैमरे लगवाने का सुझाव भी दिया। इस अवसर पर चौकी प्रभारी ने बैठक में उपस्थित व्यापारियों को सूक्ष्म जलपान कराया और सभी आगंतुकगणों का आभार व्यक्त किया इस अवसर पर पुलिस चौकी प्रभारी रामकुमार, पुलिस उपनिरीक्षक प्रमोद कुमार नेहवाल, हेड कांस्टेबल प्यारे खां, कांस्टेबल अंशुल कुमार, सुनील कुमार, होमगार्ड रामपाल सिंह, पी आर डी जवान छत्रपाल व क्षेत्रीय सम्मानित व्यापारी हरिशंकर रस्तोगी सर्राफ, भरत रस्तोगी, अंशुल अग्रवाल, बबली, हरिओम शर्मा, नरेश रस्तोगी, अनमोल रस्तोगी, राजेश यादव, सत्येंद्र कुमार शर्मा आदि संभ्रांत लोग मौजूद रहे। यह बैठक सोमवार देर शाम आयोजित की गई।

# रिमोट सेन्सिंग एप्लीकेशन्स के सम्बंध में हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** रिमोट सेन्सिंग एप्लीकेशन्स सेन्टर, उ0प्र0 लखनऊ (विज्ञान एवं की अध्यक्षता में प्रौद्योगिकी) विभाग द्वारा जिलाधिकारी अवनीश राय की अध्यक्षता में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। एक दिवसीय कार्यशाला में रिमोट सेन्सिंग एप्लीकेशन्स सेन्टर के वरिष्ठ वैज्ञानिक अमित सिन्हा एवं डा0 कौशलेन्द्र सिंह एवं परियोजना वैज्ञानिक डॉ0 जय कुमार मिश्रा एवं हिमांशु कुमार द्वारा रिमोट सेन्सिंग एप्लीकेशन्स सेन्टर में विभिन्न परियोजनाओं में रिमोट सेन्सिंग एवं जी0आई0एस0 तकनीक का उपयोग करके जनपदवार तैयार किये गये डिजिटल डाटाबेस का प्रस्तुतीकरण के माध्यम से जानकारी दी। इसके अतिरिक्त वैज्ञानिकों द्वारा रिमोट सेन्सिंग, जी0आई0एस0 एवं जी0पी0एस0 तकनीक के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई और यह बताया गया कि इस तकनीक का उपयोग कृषि, राजस्व, भू-संचय, जल-संचय, प्राकृतिक आपदा, ग्राम्य विकास, पंचायती राज, सिंचाई विभाग, जल निगम, नलकूप, सड़क, वन आदि में किया जाता है एवं भुवन पोर्टल पर भी जाकर इस सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की जा सकती है। इसके अतिरिक्त लिडार तकनीक के बारे में भी जानकारी दी गयी। प्रधानमंत्री गतिशक्ति पोर्टल (पी0एम0जी0एस0पी0) के माध्यम से विभिन्न विभागों के डाटाबेस के बारे में भी जानकारी दी गई। कार्यशाला में समस्त अपर जिलाधिकारी, उप जिलाधिकारी, जिला विकास अधिकारी, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, अधिशासी अधिकारी, उप निदेशक-कृषि, कृषि रक्षा अधिकारी, जिला उद्यान अधिकारी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, भूमि संरक्षण अधिकारी, जिला पंचायत अधिकारी, लोक निर्माण विभाग के अधिकारी, सामाजिक वानिकी, जिला विद्यालय निरीक्षक, उपायुक्त-एन0आर0एल0एम0, उपायुक्त मनरेगा, जल निगम, लघु सिंचाई एवं समस्त खण्ड विकास अधिकारियों द्वारा भाग लिया गया।

# राजनीतिक दलों के साथ बैठक आयोजित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** अपर जिलाधिकारी (वि./रा.)/उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ0 वैभव शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि जनपद में उपलब्ध ईवीएम एवं वीवीपैट वेयरहाउस का आंतरिक निरीक्षण एवं मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक का आयोजन किया गया है। उन्होंने बताया कि आंतरिक निरीक्षण 24 दिसम्बर 2025 को मध्याह्न 12:00 बजे मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय/राज्यीय राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया जाएगा। इसके अतिरिक्त आगामी त्रि-स्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन-2026 के दृष्टिगत निर्वाचन संबंधी अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा हेतु उसी दिन अपराह्न 01:00 बजे अटल बिहारी वाजपेयी सभागार में बैठक आयोजित की गई है।

# गुरु गोविन्द सिंह जयंती पर शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के दिए निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** जिलाधिकारी अवनीश राय ने अवगत कराया कि जनपद में 27 दिसम्बर 2025 को मनाई जाने वाली गुरु गोविन्द सिंह जयंती के अवसर पर शांति, कानून-व्यवस्था एवं साम्प्रदायिक सौहार्द बनाए रखने हेतु समस्त प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए हैं।

कि नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में प्रस्तावित जुलूस, शोभायात्रा एवं धार्मिक आयोजनों के मार्गों का पूर्व निरीक्षण कर समुचित सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। संवेदनशील स्थानों पर विशेष सतर्कता बरती जाए तथा किसी भी प्रकार की अव्यवस्था की स्थिति में त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही की जाए। उन्होंने कहा कि असामाजिक एवं साम्प्रदायिक तत्वों की गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखी जाए। स्थानीय अभिसूचना इकाइयों से प्राप्त सूचनाओं के आधार पर समय रहते निरोधात्मक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। भारत नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 की धारा 163 (पूर्व की धारा 144 सीआरपीसी) का कड़ाई से अनुपालन कराया जाए। जिलाधिकारी ने यह भी निर्देशित किया कि जुलूस मार्गों पर विद्युत तार, खंभे, पेड़ की डालियां अथवा अन्य किसी प्रकार की बाधाएं समय से हटाई जाएं। यातायात व्यवस्था को सुचारु रखने के लिए वैकल्पिक मार्गों की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि शहरी क्षेत्रों में नगर मजिस्ट्रेट तथा ग्रामीण क्षेत्रों में उप जिलाधिकारी एवं संबंधित थाना प्रभारी शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था के लिए पूर्ण रूप से उत्तरदायी होंगे। सभी अधिकारी आपसी समन्वय स्थापित करते हुए अपने-अपने क्षेत्रों में भ्रमणशील रहकर कानून-व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखें।

# तीसरी बार बने लाल बहादुर सिंह सफाई कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष

## मंत्री पद पर पदासीन हुए उमाशंकर, मिठाइयां बांटकर मनाया जीत का जश्न

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** उत्तर प्रदेश पंचायतीराज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ का चुनाव कराया गया जिसमें बीते रविवार को प्रदेश अध्यक्ष एवं महामंत्री के निर्देशन में रामलाल कश्यप संघ निर्वाचन अधिकारी के नेतृत्व में प्रस्तावित किया गया। चुनाव की नामांकन प्रकिया जनपद बदायूं के विकास खंड कादर चौक कार्यालय परिसर में संपन्न हुई। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश पंचायतीराज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष लाल बहादुर सिंह, जिला मंत्री उमाशंकर शाक्य, कोषाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार, जिला संगठन मंत्री विनीत कुमार जिला संप्रेक्षक हेतु मथुरा सिंह ने अपना नामांकन पत्र प्रस्तुत किए। इन पांचों पदों पर एक एक नामांकन फार्म प्राप्त होने पर संघ निर्वाचन अधिकारी रामलाल कश्यप ने नामांकन समय पूरा होने पर जिला अध्यक्ष के पद पर लाल बहादुर सिंह, जिला मंत्री पद पर उमा शंकर शाक्य, जिला कोषाध्यक्ष पर धर्मेंद्र कुमार शर्मा, जिला संगठन मंत्री विनीत कुमार व जिला संप्रेक्षक के पद पर मथुरा सिंह को प्रमाण पत्र देकर विजयी घोषित किया। इस अवसर पर सभी विजेयता पदाधिकारियों को फूल मालाओं व उपहार देकर जश्न मनाया। इस दौरान संघ के कार्यताओं ने एक दूसरे का मुंह मीठा करा कर खुशी का इजहार किया। हम आपको बता दें कि उत्तर प्रदेश पंचायतीराज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ बदायूं के जिला अध्यक्ष लाल बहादुर सिंह लगातार तीसरी बार अध्यक्ष पद पर पदासीन हुए हैं। आशातीत जीत के इस सुनहरे अवसर पर विकास खंड आसफपुर क्षेत्र के सफाई कर्मचारी संघ के ब्लॉक अध्यक्ष मुकेश कुमार दिवाकर, विकास खंड उसावां क्षेत्र के सफाई कर्मचारीगण प्रमोद कुमार प्रजापति, धर्मेंद्र कुमार व सत्यपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

# श्रीमदभागवत ज्ञान यज्ञ का हुआ प्रारम्भ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** कलश यात्रा ब्लूमिंग फ्लॉवर्स स्कूल बुध बाजार से गायत्री सिद्ध पीठ तक निकाली गई। उसके उपरांत ब्लूमिंग फ्लॉवर्स स्कूल में रविकांत शास्त्री महाराज के द्वारा कलश यात्रा का समापन किया गया। पीतवासिनी महिलाओं ने जमकर भजन गाए। गलियों में भक्तों ने पुष्पवर्षा की। इस मौके पर स्कूल प्रबंधक एडवोकेट संतोष कुमार सक्सेना, प्रधानाचार्य अनिल शर्मा जी, आशीष सक्सेना, ठाकुर मुकेश कुमार सिंह प्रभारी राष्ट्रवादी प्रताप सेना, देवांश सक्सेना, राम मनोहर सक्सेना, पंकज शर्मा, राघवेंद्र शर्मा, सुधा, सुनीता, ममता, निधि, युक्ति, पूनम, ओमेंद्र यादव, टीपी सिंह अखिलेश सक्सेना, शुभांक शर्मा, बरसा, राखी, राजेश सक्सेना, सीमा सक्सेना आदि बहुत से लोग मौजूद रहे। आचार्य द्वारा प्रथम दिवस में श्रीमद् भागवत कथा के महात्म्य का वर्णन किया गया।

# जिला कोल्ड स्टोर भव्य सभा का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** उत्तर प्रदेश कोल्ड संगठन की एक भव्य सभा का आयोजन एमजी ग्रीन रिजॉर्ट, मुड़िया में किया गया। यह आयोजन जिला संगठन के लिए गौरव का विषय रहा, जिसमें प्रदेश व देशभर से कोल्ड स्टोरेज उद्योग से जुड़े पदाधिकारी और शीतगृह स्वामी शामिल हुए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ऑल इंडिया कोल्ड स्टोरेज फेडरेशन के अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल रहे।

विशेष अतिथियों में उत्तर प्रदेश कोल्ड संगठन के अध्यक्ष अरविंद अग्रवाल, उत्तराखंड के प्रदेश अध्यक्ष मदन जिंदल, उत्तराखंड के सचिव रामचंद्र अग्रवाल एवं उत्तर प्रदेश के सचिव यश कुमार उपस्थित रहे। अतिथियों का स्वागत जिला संगठन के अध्यक्ष सुभाष चंद्र अग्रवाल ने किया। जिला सचिव विनय वासनी ने संगठन की 25 वर्षों की यात्रा और उपलब्धियों का विवरण प्रस्तुत किया। सभा में प्रदेश के 34 जिलों से 350 शीतगृह स्वामी तथा 50 से अधिक कंपनियों ने सहभागिता की। संचालन मुदित अग्रवाल ने किया। मुख्य अतिथि मुकेश अग्रवाल ने शीतगृहों को नई तकनीक से जोड़ने पर जोर दिया, जबकि अरविंद अग्रवाल ने किसानों को बेहतर बीज उत्पादन व भंडारण उपलब्ध कराने का संदेश दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में कोषाध्यक्ष उमेश वार्ष्णेय व कार्यकारिणी सदस्य संदीप अग्रवाल एवं राहुल गुप्ता का विशेष योगदान रहा।

# भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष कामेश्वर सिंह से हुई शिष्टाचार भेंट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा उत्तर प्रदेश के माननीय प्रदेश अध्यक्ष, कामेश्वर सिंह से लखनऊ स्थित प्रदेश कार्यालय में शिष्टाचार भेंट हुई। इस अवसर पर संगठनात्मक विषयों के साथ-साथ किसानों से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। भेंट के दौरान भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष अवधेश यादव का स्नेहपूर्ण आशीर्वाद भाजपा युवा नेता अविनाश भारद्वाज को प्राप्त हुआ। यादव ने युवा नेतृत्व की सक्रिय भूमिका की सराहना करते हुए किसान हित में निरंतर कार्य करने हेतु मार्गदर्शन प्रदान किया। इस अवसर पर अविनाश भारद्वाज ने किसानों की समस्याओं, कृषि विकास, समर्थन मूल्य, सिंचाई व्यवस्था तथा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को लेकर प्रभावी ढंग से अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार किसान सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है और संगठन के माध्यम से योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाया जाएगा। इस शिष्टाचार भेंट को भाजपा किसान मोर्चा एवं युवा नेतृत्व के बीच समन्वय को और अधिक मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

**यादव ने युवा नेतृत्व की सक्रिय भूमिका की सराहना करते हुए किसान हित में निरंतर कार्य करने हेतु मार्गदर्शन प्रदान किया।**

# होरी लाल राजपूत ब्लॉक अध्यक्ष सैदनगर तथा मुख्तार अहमद बने मंत्री

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टाण्डा।** सोमवार को पूर्व निर्धारित समयानुसार जूनियर हाई स्कूल द्धपूर्व माध्यमिकत्र्ञ शिक्षक संघ के राष्ट्रीय/प्रांतीय अध्यक्ष योगेश त्यागी और प्रांतीय महामंत्री नरेश कौशिक के आदेश के क्रम में ब्लॉक सैदनगर अध्यक्ष पद के लिए पुलिस बल की मौजूदगी में उच्च प्राथमिक विद्यालय खौद में अधिवेशनधनिर्वाचन प्रक्रिया तय समय से प्रारंभ की गई।




ब्लॉक सैदनगर अध्यक्ष पद के लिए होरीलाल राजपूत सहायक अध्यापक उच्च प्राथमिक विद्यालय मुरसेनाऔर मुख्तार अहमद सहायक अध्यापक उच्च प्राथमिक विद्यालय ढक्का हाजीनगर के रूप में दो नामांकन पत्र भरे गए। जिसमें मुख्तार अहमद ने अपना नामांकन पत्र वापस ले लिया। अधिवेशनधनिर्वाचन के निश्चित नामांकन समय तक किसी अन्य शिक्षक द्वारा अपना नामांकन पत्र दाखिल नही किया गया।

इसी क्रम में चुनाव पर्यवेक्षक ओमप्रकाश सिंह ब्लॉक व्यायाम शिक्षक चमरूआ एवं चुनाव अधिकारी जयप्रकाश ब्लॉक अध्यक्ष स्वार के द्वारा चुनाव सम्पन्न कराया गया। अधिवेशन/निर्वाचन की समस्त औपचारिकताओं को पूरी करने के उपरांत नियमानुसार होरी लाल राजपूत को ब्लॉक अध्यक्ष, सैदनगर के पद पर चौथी बार निर्विरोध विजई होने का प्रमाण पत्र प्रदान किया गया तथा इसी क्रम में ब्लॉक मंत्री के लिए मुख्तार अहमद को तीसरी बार सर्वसम्मति से दायित्व सौपा गया। सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने दोनों पदाधिकारियों को फूल मालाएं पहनाकर शुभकामनाएं पेश कीं। समस्त निर्वाचन प्रक्रिया डॉ0 राजवीर सिंह जिला अध्यक्ष एवं अंजुम स्नेही सक्सेना जिला महामंत्री के नेतृत्व में शांति पूर्ण सम्पन्न हुई। इस मौके पर कमर इस्हाक जव्वाद, अब्दुल अलीम खान, संतोष प्रसाद, पुष्पेंद्र शर्मा,संजय, मो. रेहान, जहीर अहमद , अय्यूब अली , दीपक पुण्डीर, बलराम मढान मेघकान्त मिश्रा , प्रवेश कुमार चंचल, तेजसिंह, संजीव राणा ,हृदेश , रमेशचंद , राजेश कुमार, आसिफ अली, मलखान सिंह, चंद्रपाल सिंह, सरदीप गौतम, नदीम अली, अखिलेश मोहन , राजेश कुमार , रूप सिंह , मो. रिजवान और इमरान खान आदि मौजूद रहे।

# अंडर 19, क्रिकेट टूर्नामेंट गोल्डन क्लब को हराकर एमएमके क्लब बना टूर्नामेंट विजेता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टाण्डा।** नगर के स्टैंडर्ड राइस मिल मैदान ईदगाह रोड पर चल रहे अंडर 19 क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल में एमएमके क्रिकेट क्लब टांडा और गोल्डन क्रिकेट क्लब टांडा के बीच फाइनल मैच खेला गया। टॉस जीत कर पहले बैटिंग करते हुए निर्धारित 14 ओवर में गोल्डन क्रिकेट क्लब ने 109/ 4 रन बनाए।बल्लेबाज अफगान खान ने 31 रन, आलम फोमी ने 15 रन, शहजाद ने 13 रन और अयाजुल इस्लाम ने 10 रन बनाए, अतिरिक्त 34 रन रहे।एमएमके के गेंदबाज अरशद और सलाहुद्दीन ने एक-एक विकेट लिए,जबकि दो खिलाड़ी रन आउट हुए। 110 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए एमएम के क्रिकेट क्लब ने 110/9 रन बना कर बहुत ही रोमांचकारी मैच एक विकेट से जीतकर एमएम के कप टूर्नामेंट पर कब्जा किया।



एमएमके क्लब के बल्लेबाज सलाहुद्दीन ने शानदाद 41 रन, मोहम्मद नोमान ने 17 रन, और अरशद अली ने 10 रन बनाए, 36 रन अतिरिक्त रहे। गोल्डन क्लब के गेंदबाज अफसान अंसारी ने 3 विकेट, शहजाद ने 2 विकेट, और अयाजुल रहमान ने एक विकेट लिया। 3 खिलाड़ी रन आउट हुए और इस तरह एमएमके विजेता बना। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार एमएमके क्लब के सलाहुद्दीन और मैन ऑफ द टूर्नामेंट मुहम्मद अखलद को दिया गया।

फाइनल की विजेता टीम के कप्तान को मुख्य अतिथि भाजपा नेता मकसूद लाला द्वारा और और उपविजेता टीम के कप्तान को वार्ड 12 के सभासद हाजी मुल्ला मुशर्रफ अली द्वारा ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। मैच के अंपायर मुद्द कमाल और नाजिम फरीदी रहे, स्कोरर महफूज मुन्ना रहे।

कमेंटेटर मुहम्मद सईद सागर और अब्दुल रज्जाक रहे। इस अवसर पर मोहम्मद तौसीफ समाज सेवी मौलाना शाह फेहद, जुबैर आलम, वासी खान, शहजाद,अनस, सगीर माया, हाजी बशर, सैफ रहमान, जुबैर आलम आदि मौजूद रहा।

# बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हो अत्याचारों के खिलाफ पुतला दहन कर जताया विरोध

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक।** बांग्लादेश देश में हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचारों के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद, राष्ट्रीय बजरंग दल द्वारा बांग्लादेश का पुतला दहन कर विरोध जताया गया। इस मौके पर बोलते हुए जिला अध्यक्ष आदेश शंखधार ने कहा कि एक ओर बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेखघ हसीना को देश छोड़कर आने पर भारत में सम्मान शरण दी जाती है तो वहीं बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिन्दुओं का खुलेआम कत्लेआम किया जा रहा उनको जिन्दा जलाया है जो कि निंदनीय है। जब इस प्रकार की घटनाएं सामने आती हैं तो दिल दहल जाता है। हम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मांग करते हैं कि बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचारों को रोकने के कोई ठोस कदम उठाए जाएं जिससे कि अति शीघ्र हिन्दुओं पर अत्याचार बन्द हों, क्योंकि पूरे देश का हिन्दू आपके साथ है और वह आपसे उम्मीद भी लगाए बैठा है कि आप हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचारों को अति शीघ्र रोकने हेतु सफल प्रयास करेंगे। रेलवे स्टेशन पर पुतला तैयार किया और तीन बत्ती चौराहा मिलक पर लाकर दहन किया गया। इस मौके पर प्रवीण गौड़, पुष्पेन्द्र गंगवार, सर्वराज यादव, सत्यवीर सिंह, कृष्ण मुरारी शर्मा, मुकेश चंद्रा, विशाल दुबे, शिवम् लोधी, विजय पाल लोधी, अनुज मौर्य, जगदीश, कन्हई लाल, हरिओम, राज बहादुर, जितेन्द्र, पुरुषोत्तम, वेदराम, अमित, रामसिंह, पप्पू, सुरेश, बंटी, राजेश, आनन्द बाबू, शनि, सर्वेश हुकुम सिंह, मोहन लाल, दीनदयाल मौर्य एवं नवरत्न आदि लोग मौजूद रहे।




# वोट बचाओ, संविधान बचाओ पदयात्रा का दूसरा दिन

मुरादाबाद में उमड़ा जनसैलाब, लोकतंत्र की रक्षा का आहवान : संजय सिंह



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** आम आदमी पार्टी की 'वोट बचाओ, संविधान बचाओ' पदयात्रा के दूसरे दिन सोमवार को जनसमर्थन और तेज होता दिखा। सांसद एवं प्रदेश प्रभारी संजय सिंह के नेतृत्व में पदयात्रा रामपुर से मुरादाबाद के दलपतपुर पहुंची, जहां सड़कों पर उमड़े जनसैलाब ने उनका जोरदार स्वागत किया।

संजय सिंह ने कहा कि एसआईआर के नाम पर मतदाता सूची से नाम काटकर जनता के वोट छीनने की साजिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि हवोट रहेगा तभी संविधान बचेगा और संविधान बचेगा तभी सम्मान सुरक्षित रहेगा।ह आम आदमी पार्टी नफरत नहीं, अधिकार और काम की राजनीति करती है।

पदयात्रा शाम को दलपतपुर मुरादाबाद में रात्रि विश्राम के साथ संपन्न हुई। यह अभियान 21 से 26 दिसंबर तक रामपुर.मुरादाबाद.अमरोहा में जारी रहेगा।

# जनता दर्शन में दिव्यांगजनों को मिला त्वरित लाभ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित नियमित जनता दर्शन कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने दिव्यांगजन कल्याण योजनाओं के अंतर्गत 02 दिव्यांग लाभार्थियों को ट्राईसाइकिल प्रदान की गई।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने प्रदीप कुमार, निवासी ग्राम स्वारी, तहसील मिलक तथा मनोज कुमार, निवासी ग्राम मंडवा हसनपुर, तहसील टांडा को ट्राईसाइकिल वितरित की गई तथा बब्लू ग्राम महतुस बिलासपुर को शीत ऋतु से बचाव के लिए कंबल भी प्रदान किया। जिलाधिकारी ने कहा कि जनता दर्शन कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आमजन की समस्याओं का त्वरित, पारदर्शी एवं प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित करना है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि दिव्यांगजन कल्याण योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक समयबद्ध रूप से पहुंचाया जाए, जिससे दिव्यांगजन आत्मनिर्भर बन सकें और समाज की मुख्यधारा से जुड़ सकें।



# शहीदी सप्ताह के अंतर्गत गुरुद्वारा संत भाई जी बाबा जी में 'सफर-ए-शहादत' कार्यक्रम आयोजित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** गुरु गोविंद सिंह महाराज के पूरे परिवारकृमाता गुजरी कौर एवं चारों साहिबजादों बाबा अजीत सिंह, बाबा जुझार सिंह, बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह की महान शहादत की स्मृति में शहीदी सप्ताह के अंतर्गत गुरुद्वारा संत भाई जी बाबा जी में 'सफर-ए-शहादत' कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

इसी क्रम में दिनांक 22 दिसंबर 2025 को गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी 40 दिनों तक चलने वाला नि:शुल्क चाय-नाश्ता स्टॉल रेलवे स्टेशन पर प्रात: 5:30 से 7:00 बजे तक प्रारंभ किया गया, जिसकी समाप्ति 40 दिन बाद होगी।



प्रात:कालीन कार्यक्रम में सुखमणि साहिब एवं नितनेम साहिब के पाठ, कीर्तन उपरांत अरदास की गई। रात्रि कार्यक्रम के अंतर्गत हजूरी रागी जत्था भाई कुलदीप सिंह द्वारा शबद-कीर्तन किया जाएगा। इसके पश्चात रात्रि 9रू00 से 10: 30 बजे तक बीबी जसप्रीत कौर द्धपटियालात्र्ञ द्वारा शबद-कीर्तन प्रस्तुत किया जाएगा। साथ ही 'सफर-ए-शहादत' के अंतर्गत गुरु गोविंद सिंह महाराज के परिवार की शहादत पर कथा भी की जाएगी। अरदास के उपरांत गुरु का अटूट लंगर वितरित किया जाएगा।

आज के कार्यक्रम में चाय सेवा एवं रात्रि कार्यक्रम में गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान दर्शन सिंह खुराना सहित गुरचरण सिंह आहूजा, भूपेंद्र सिंह, त्रिलोचन सिंह, महेंद्र सिंह होरा, पपिंदर सिंह, धनवंत सिंह, प्रेम अरोड़ा, राज सिंह, जसमीत सिंह, अमरजीत सिंह, रवींद्र सिंह, हरजीत सिंह, संतोख सिंह खालसा, गुरदेव सिंह निर्वैर सिंह, जगमोहन सिंह निमाना, सुरेंद्र सिंह अरोड़ा आदि उपस्थित रहे।

# दिव्यांग कल्याण समिति ने जिला अधिकारी कार्यालय में ज्ञापन सौंपा, आयुष्मान कार्ड बनवाने की की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** दिव्यांग कल्याण समिति ने जिलाधिकारी कार्यालय में ज्ञापन सौंप कर आयुष्मान कार्ड बनवाने और अंतोदय राशन कार्ड बनाए जाने की मांग की है। सोमवार को दिव्यांग कल्याण समिति के जिला अध्यक्ष अफसर अली शमीम अहमद आदि ने जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा कर मांग की। आयुष्मान कार्ड दिव्यांग जनों के बनाए जाएं उन्हें इलाज की आवश्यकता होती है साथ ही परिवार की जीविका चलाने के लिए के लिए अंतोदय कार्ड बनाए जाएं जिससे परिवार भुखमरी के कारागार से बच सके दिव्यांगजन मेहनत मजदूरी करने में असफल रहते हैं ऐसी स्थिति में उन्हें निशुल्क इलाज और राशन की आवश्यकता होती है, उन्होंने जिलाधिकारी से शीघ्र ही दिव्यांगों के अंतोदय राशन कार्ड और आयुष्मान कार्ड शीघ्र बनवाने की मांग की है। ज्ञापन पर मोहम्मद कयूम मनोज कुमार मुमताज अली आदि के हस्ताक्षर हैं।



ज्ञापन सौंपते दिव्यांग समिति के जिलाध्यक्ष अफसर

## संस्कृति विवि में आयोजित हुई दो दिवसीय 'मिक्स-कॉन 2025'

**मथुरा।** संस्कृति विवि के संतोष मैमोरियल आडिटोरियम में संस्कृति आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज और हॉस्पिटल द्वारा कुलाधिपति डॉ. सचिन गुप्ता और सीईओ डॉ. मीनाक्षी शर्मा के मार्गदर्शन में ''एनो–रेक्टल बीमारियों के लिए मिनिमल इनवेसिव टेकनीक'' पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार 'मिक्स–कॉन 2025' का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया । राष्ट्रीय संगोष्ठी में विद्वानों ने आयुर्वेद के विद्यार्थियों के क्लीनिकल ज्ञान की वृद्धि और प्रैक्टिशनर्स को आयुर्वेद में नई थेराप्यूटिक, पैरा सर्जिकल तकनिकियों से अवगत कराया ।

# सुबह दस बजे एसडीएम दफ्तर में, जबकि बाबू गायब



औचक निरीक्षण में खुली लापरवाही की पोल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** सोमवार को तहसील में अनुशासन की हकीकत सामने आ गई। एसडीएम विभा श्रीवास्तव प्रतिदिन की तरह सोमवार को भी सुबह ठीक 10 बजे कार्यालय पहुंच गईं, लेकिन कई बाबू और कर्मचारी 10:50 बजे तक भी अपनी कुर्सियों पर नहीं मिले। समय से दफ्तर न पहुंचने की लगातार मिल रही शिकायतों को देखते हुए एसडीएम ने तहसील के विभिन्न पटलो का औचक निरीक्षण कर रियलिटी चेक किया, जिसमें कई कर्मचारी गैरहाजिर पाए गए। खाली पटल और बंद फाइलें देखकर प्रशासनिक सख्ती साफ नजर आई।

औचक निरीक्षण के दौरान गैरहाजिर मिले बाबू और कर्मचारियों की मौके पर ही अनुपस्थिति दर्ज कराई गई। एसडीएम ने लापरवाही पर नाराजगी जताते हुए दो लिपिक (बाबू) समेत तीन का कर्मचारी का स्पष्टीकरण तलब किया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि तहसील में आमजन के काम समय पर निपटाने के लिए कार्यालयीन अनुशासन बेहद जरूरी है और इसमें किसी भी तरह की ढिलाई स्वीकार नहीं की जाएगी। एसडीएम विभा श्रीवास्तव ने दो टूक कहा कि अब देर से दफ्तर पहुंचने का रवैया नहीं चलेगा। सभी अधिकारी और कर्मचारियों को समय से कार्यालय पहुंचना होगा।

## आशा कार्यकर्ता से छेड़छाड़ का आरोप, थाना सरधना में शिकायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली आशा कार्यकर्ता ने दो युवकों पर पीछा करने, अश्लील टिप्पणियां करने, जबरदस्ती पकड़ने का प्रयास करने और जान से मारने की धमकी देने के गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़िता ने थाना सरधना में तहरीर देकर सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पीड़िता के अनुसार, 18 दिसंबर को दो युवक उसे लगातार परेशान कर रहे थे। आरोप है कि दोनों उसका पीछा करते हुए अभद्र भाषा का प्रयोग कर रहे थे और अश्लील कमेंट कर रहे थे। विरोध करने पर आरोपियों ने धमकी भी दी, जिससे पीड़िता भयभीत है।

# रूई कारखाने से दो लाख का कॉपर चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा।** चोरों ने कारखाने के ताले तोड़कर चार मोटरों से कॉपर्स व लोहे तथा अन्य कीमती सामान साफ कर दिया। रिपोर्ट दर्ज कराने को तहरीर दी गयी है। चोरी की घटना शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला इकरार नगर की है। यहां पर रहने वाले कारोबारी जमशेद का मोहल्ले में ही कॉटन वेस्ट का कारखाना है। रविवार रात करीब नौ बजे वह रोजाना की तरह कारखाना बंद करने के बाद घर चले गए थे। रात में किसी समय चोर ताले तोड़कर कारखाने में घुस गए। इसके बाद चोरों ने कारखाने में रखीं दस व पांच हॉर्स पॉवर की चार मोटरों के अलावा 235 मीटर कॉपर का केबिल व लोहे का अन्य कीमती सामान चोरी कर लिया।

वारदात अंजाम देने के बाद चोर फरार हो गए।

# ग्रामीण अंचलीय पत्रकार एसोसिएशन की मेहनत लाई रंग प्रेस क्लब का होगा जिर्णोद्धार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** ग्रामीण अंचलीय पत्रकार एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष संजीव तोमर वर्षो से अकेले ही मेरठ प्रेस क्लब की जिर्णोद्धार की आवाज उठाते चले आ रहे थे फिर ग्रामीण अंचलीय पत्रकार एसोसिएशन से जुड़ने के बाद संजीव तोमर की लड़ाई को ग्रामीण अंचलीय पत्रकार एसोसिएशन का साथ मिला। ग्रामीण अंचलीय पत्रकार एसोसिएशन प्रेस क्लब की लड़ाई लड़ने वालों के साथ भी निरंतर खड़ा रहा और स्वयं भी इस चिंगारी को बुझाने नहीं दिया। पिछले दिनों संगठन का प्रतिनिधिमंडल जिलाधिकारी मेरठ से भी मिला था और प्रेस क्लब के जिर्णोद्धार की बात पुरजोर पटल पर रखी थी। संगठन ने इस चिंगारी को कभी भी बुझने नहीं दिया।

# नवनिर्वाचित सभासद को दिलायी शपथ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** नगर पालिका परिषद के वार्ड संख्या 16 के उपचुनाव में जीत दर्ज करने के बाद भाजपा समर्थित सभासद दयावती ने सोमवार को औपचारिक रूप से अपना कार्यभार संभाल लिया। नगर पालिका परिषद कार्यालय में आयोजित गरिमामय कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल ने दयावती को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण के साथ ही वार्ड 16 को उसका नया प्रतिनिधि मिल गया और नगर पालिका बोर्ड को पूर्णता मिली। इस मौके पर सभासद दयावती ने भावुक होते हुए कहा कि यह जिम्मेदारी उनके लिए सिर्फ एक पद नहीं, बल्कि दिवंगत पुत्रवधु राजबाला सैनी की अधूरी जनसेवा को आगे बढ़ाने का अवसर है। उन्होंने कहा कि वार्ड की जनता ने जो भरोसा उन पर जताया है, उस पर वे पूरी ईमानदारी और निष्ठा से खरी उतरेंगी। प्राथमिकता में वार्ड की मूलभूत समस्याओं का समाधान, साफ-सफाई, सड़क, जल निकासी और जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाना रहेगा। नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल ने दयावती को बधाई देते हुए कहा कि उनकी जीत और अब शपथ ग्रहण से नगर पालिका परिषद को एक अनुभव और सेवा भाव से जुड़ी प्रतिनिधि मिली है। उन्होंने विश्वास जताया कि दयावती वार्ड 16 में विकास कार्यों को गति देंगी और जनता की अपेक्षाओं पर खरी उतरेंगी। शपथ समारोह के दौरान भाजपा पदाधिकारी, सभासद, वार्डवासी और समर्थक मौजूद रहे। कार्यक्रम के बाद समर्थकों ने फूल-मालाओं से दयावती का स्वागत कर खुशी जताई और उनके सफल कार्यकाल की कामना की। इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी अवधेश वर्मा, वरिष्ठ लिपिक उमेश सैनी, लेखाकार सोनू पिवाल, आरती शर्मा, सौरभ सैनी, कपिल ठाकुर, देशराज सैनी, विवेक सिंह, दुलीचंद गिहार, राजेंद्र सिंह, सतीश सिंह, जगत सिंह सैनी, मुंशी तेजपाल सिंह, अशोक सैनी, आलम शेख, गुरबचन सिंह, डेविड सागर आदि मौजूद रहे।

# नाली का कूड़ा सड़क पर डाले जाने से हालात बदतर, बदबू से लोग त्रस्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** सरधना नगर क्षेत्र में सफाई व्यवस्था की गंभीर अनदेखी सामने आ रही है। सरदार नगर की नालियों से निकाला गया कूड़ा निस्तारण के लिए तय स्थान पर ले जाने के बजाय सड़ना मार्ग स्थित मेरठ रोड पर ही डाल दिया जा रहा है। नालों के गंदे पानी में मिला यह कूड़ा सड़क पर पड़े-पड़े सड़ रहा है, जिससे पूरे इलाके में असहनीय दुर्गंध फैल गई है। हालात ऐसे हो गए हैं कि राहगीरों के साथ-साथ दुकानदारों का भी यहां बैठना दूभर हो गया है।

मेरठ रोड सरधना नगर का प्रमुख मार्ग होने के कारण यहां दिनभर वाहनों की आवाजाही बनी रहती है। सड़क पर कूड़ा और कीचड़ जमा होने से पैदल चलने वालों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई स्थानों पर फिसलन बढ़ गई है, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। वहीं गंदगी के कारण सड़क की सूरत भी बिगड़ गई है। स्थानीय दुकानदार फिरोज उर्फ सोनू, चाँद खान, मोहसीन खान, अफजल खान, साजिद समेत अन्य व्यापारियों ने बताया कि नालियों से निकाला गया कूड़ा उनकी दुकानों के सामने ही डाल दिया जाता है। बदबू इतनी तेज होती है कि दुकानों पर ग्राहक रुकने से कतराने लगे हैं। दुकानदारों का कहना है कि गंदगी और दुर्गंध के चलते उनका कारोबार भी प्रभावित हो रहा है।



क्षेत्रीय लोगों ने बताया कि सड़क पर पड़े कूड़े और गंदे पानी के कारण मच्छर-मक्खियों का प्रकोप बढ़ गया है। इससे डेंगू, मलेरिया और अन्य संक्रामक बीमारियों का खतरा बना हुआ है। बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को सबसे अधिक दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय नागरिकों और दुकानदारों ने नगर पालिका प्रशासन से मांग की है कि नालियों की सफाई के दौरान निकले कूड़े को सड़क पर डालने के बजाय तुरंत डंपिंग ग्राउंड तक पहुंचाया जाए। साथ ही मेरठ रोड पर फैली गंदगी को तत्काल हटाकर नियमित सफाई व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। लोगों का कहना है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो वे संबंधित उच्च अधिकारियों से शिकायत करने को मजबूर होंगे।

